INS हिमगिरी

चर्चा में क्यों ?

- भारत ने समुद्री रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 31 जुलाई 2025 को **भारतीय नौसेना को**) **'आईएनएस हिमगिरी' Yard 3022)** सौंपा गया, जो **प्रोजेक्ट 17ए** (P17A) के अंतर्गत निर्मित **तीसरा युद्धपोत** है। यह पोत कोलकाता स्थित **गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स** (GRSE) में तैयार किया गया है।

पृष्ठभूमि और ऐतिहासिक पहलू

- हिमगिरी का नाम **पूर्व INS हिमगिरी** (लिएंडर श्रेणी) से लिया गया है, जिसे 2005 में सेवामुक्त किया गया था।
- INS हिमगिरी, **प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित तीसरा फ्रिगेट** है। इससे पहले **INS नीलगिरी** और **INS उदयगिरी** लॉन्च किए जा चुके हैं।
- यह पोत **पी17 (शिवालिक) श्रेणी** के मुकाबले अधिक उन्नत हथियार, सेंसर और रक्षा तकनीकों से लैस है।

तकनीकी विशेषताएँ

- **निर्माण**: गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (कोलकाता) द्वारा
- **डिज़ाइन**: भारतीय नौसेना का युद्धपोत डिज़ाइन ब्यूरो
- **हथियार प्रणाली**: ब्रह्मोस मिसाइल, बराक-8 वायु रक्षा प्रणाली, अत्याधुनिक रडार व सोनार
- **स्वदेशी योगदान**: 75% से अधिक स्थानीय सामग्री, 200 से अधिक सूक्ष्म व लघु उद्यमों की भागीदारी

सामरिक महत्त्व

- आईएनएस हिमगिरी का शामिल होना प्रोजेक्ट 17A के तहत नौसेना की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत **2035 तक 170–175 युद्धपोतों** वाली एक सशक्त नौसेना बल बनाने का लक्ष्य है।
- यह पोत **बहुमिशन और बहुउद्देश्यीय युद्धपोत**-है, जो पनडुब्बी रोधी, सतह युद्ध, वायु रक्षा और समुद्री निगरानी जैसे कार्यों में सक्षम है।
- भारत की **ब्लू-वॉटर नेवी** (नीली जल नौसेना) बनने की महत्वाकांक्षा को मजबूत करता है।
- आत्मनिर्भर भारत और **मेक इन इंडिया अभियान** को रक्षा क्षेत्र में मजबूती प्रदान करता है।
- **स्थानीय रोजगार, नवाचार और रक्षा निर्यात** के नए द्वार खोलता है।

AS-PCS Institute
रिजल्ट का साथी
9235313184, 9235440806

निष्कर्ष

- INS हिमगिरी न केवल एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, बल्कि यह भारत की स्वदेशी तकनीक, औद्योगिक क्षमता और रणनीतिक संप्रभुता का परिचायक है।**यह आने वाले वर्षों में भारत को** समुद्री सुरक्षा और वैश्विक सामरिक मंचों पर एक मजबूत शक्ति **के रूप में स्थापित करेगा।**

UPSC Practice MCQ

Q) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. INS हिमगिरी, प्रोजेक्ट 17A के तहत निर्मित पहला युद्धपोत है।
2. यह युद्धपोत पूर्ण रूप से विदेशी तकनीक पर आधारित है।
3. इसमें ब्रह्मोस और बराक-8 मिसाइल प्रणाली लगाई गई है।

उपयुक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(A)केवल 3

(B)केवल 1 और 2

(C)केवल 2 और 3

(D)केवल 1 और 3